मासिक समाचार पत्र-इंदौर, अमहदाबाद, पुणे से एक साथ प्रकाशित संस्करण

वर्ष-1 :: अंक-7 :: मूल्य-5.00 रु.

हमारा संकल्प सेवा और समर्पण

# हूमड़ वाणी

अंतर्राष्ट्रीय संगठन का दर्पण

गुरुवार, 30 जनवरी 2025 | फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज का मुख्य पत्र | धर्म के लिए जिएं, समाज के लिए जिएं, ये धड़कनें, ये श्वांस हो हूमड़ समाज के लिए

## अंधी दौड़ से बचें

*समाज का लक्ष्य गुणात्मक के स्थान पर संख्यात्मक हो गया है । संख्यात्मक वृद्धि का अर्थ परिग्रह और गुणों में वृद्धि का अर्थ स्वांतः सुखाय ।*



*ज्यादा नंबर, ज्यादा सेलेरी, ज्यादा भीड़, ज्यादा वैभव ज्यादा मित्र, आदि आदि। इस सब अंधी होड़ में हम अच्छा ज्ञान, अच्छा व्यवसाय, अच्छा अनूगामि, अच्छा व्यापार, अच्छे मित्र अच्छा भोजन अच्छा व्यवहार सब कुछ पीछै छोडते जा रहे हैं ।*

*संख्यात्मक दृष्टिकोण से मानवीय मुल्यों का पतन होता जा रहा है । कितनी ही बड़ी टेक्नोलॉजी विकसित हो जावे उसे विकसित करने वाला मानव दिमाग का अच्छा होना आवश्यक है। हम साधनों के पीछे भाग रहे हैं सुविधा हमसे दूर होती जा रही है। सुख और शांति जिसकी तलाश में यह अंधी दौड़ जारी है उसका कहीं अता पता नहीं है।*

*आईये मिलकर एक ऐसे समाज की रचना करें जहां पर गुणात्मक धर्म की व्याख्या की जावे। आपसी प्रेम सौहार्द एवं खुशी का वातावरण निर्मित हो ।*

संपादक

**यशपाल जूवा**

# फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज की 15वीं वार्षिक साधारण सभा हर्ष उल्लास से तरड़गांव महाराष्ट्र में सम्पन्न हुई





**( महेन्द्र बंडी की रिपोर्ट )**

दिनांक 5 जनवरी प्रातः काल से हूमड़ जन की आवाजाही प्रारंभ हो गई । जैसे जैसे सूरज की किरणे धरती को आच्छादित करती जाती, आने वाले साथियों की संख्या बढ़ती जाती ।

मधुर मिलन ट्रस्ट का आतिथ्य ,महाराष्ट्र प्रोविंस अध्यक्ष श्री किरण भाई शहा, मंत्री डाक्टर रवि किरण शहा, श्री रमेश जी वडुजकर , श्रीमती सुजाता जी शहा,मिहिर जी गांधी,डॉ श्रेणिक जी शहा,चेतन ए वाल्हेकर,सुशील जी शहा के सद्भाव ने तरड गांव को तिर्थ बना दिया । दो हजार से अधिक क्षमता वाले सभा भवन में हूमड़ भाई बहने प्रातः का भोजन ग्रहण करते ही सभा स्थल की शोभा बढ़ाते रहे ।

समारोह के अध्यक्ष चन्दु काका सराफ प्रा . ली. के डायरेक्टर श्री किशोर भाई शहा, हूमड़ रत्न श्रीमान अतुल जी जीनदत्त शहा, श्रीमान कविन्द्र जी कियावत, श्रीमती मंगल ताई, पंढरपुर, श्रीमान चेतन बाबु जी के संयम साधना का सम्मान करते हुए सम्मान ग्रहण करने हेतु सहृदय उनकी सुपुत्री डॉ.



गीताजंली जी, देश के अलग अलग प्रोविंस से आये पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए ।

धनपाल जी का संक्षिप्त किन्तु सार गर्भित उद्बोधन और उनका राजस्थानी अन्दाज सबको भा गया । राजस्थान प्रोविंस के महामंत्री श्री गोवर्धन लाल जी शहा, मध्यप्रदेश प्रोविंस के मंत्री श्री महावीर जी कोटडिया, श्री प्रवीण जी शाह, खैरवाडा, तरडगांव- के कर्मठ श्री विजय महावीर जी के दल-बल ने सभी उपस्थित जन मानस का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाराष्ट्र प्रोविंस महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्रीमती तनुजा के कुशल संयोजन में स्वागत की अद्भुत रस्म का निर्वहन करते हुए अतिथों का मंगल प्रवेश पारम्परिक वाद्य यंत्रों के साथ महिला मण्डल का लेझीम नृत्य के साथ एक आलोकिक आभा निर्मित कर रही थी। कार्यक्रम का कुशल संचालन डाक्टर श्रेणीक शहां, कौशल्या पंतग्या, श्रीमती तनुजा शहा, श्री विपिन जी पचौरी अहमदाबाद ने किया। अतिथियों का मार्ग दर्शन, स्वागत की मनमोहक प्रस्तुति, सभी ने एक नये इतिहास का निर्माण किया ।

निवृतमान अध्यक्ष वसंत भाई दोशी, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र भाई शाह का जोश पुर्ण प्रस्ताव प्रत्येक प्रोविंस को अपने प्रोविंस से प्राप्त अनुदान की राशि का 25प्रतिशत विभिन्न गतिविधियों के लिए देने के प्रस्ताव को सदन से स्वीकृत करवा कर प्रोविंस पदाधिकारियों के मन को प्रसन्न कर दिया । महामंत्री महेंद्र बंडी ने स्मारिका, प्रतिबिम्ब से प्रतिवेदन की प्रस्तुति कर सदन से स्वीकृति प्राप्त की । राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विपिन जी गांधी ने अपने नो माह के कार्यकाल का ब्योरा जोशीले अन्दाज में प्रस्तुत कर अनेक बार तालियों की गड़गड़ाहट से वातावरण गुंजायमान करा दिया।

कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र जी चापावत ने अपनी अंकेक्षित बेलेंस शीट, प्रस्तावित बजट प्रस्तुत कर सदन से पुष्टि करवाई। अगले वर्ष के लिए श्रीमान अतुल जी सालगिया को उनकी निःशुल्क सेवा को नमन करते हुवे आगामी वर्ष के लिए सर्वसम्मति से अंकेक्षक नियुक्त किया गया। णमोकार मंत्र की मंगल ध्वनी से पवित्र वातावरण, मध्यांतर में खुशी शहा का क्लासीकल नृत्य, उसकी भाव भंगिमाओं ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। ऐसी सफलता के शिखर को छुने वाली ऐतिहासिक वार्षिक साधारण सभा की सफलता का संपूर्ण श्रेय उपर उल्लेखित श्रेष्ठी एवं उपस्थित समाजजनों को जाता है।

## श्री सम्मेद शिखर स्वच्छता अभियान

### श्री सन्मति सेवा दल एवं फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान



सन्मति सेवा दल के श्री सम्मेद शिखर स्वच्छता अभियान के लिए 305 जैन युवा रवाना हुए। स्वच्छता अभियान का यह 14वां वर्ष है।

श्री सन्मति सेवा दल, जो महाराष्ट्र में जैन युवाओं का प्रतिनिधित्व करता है, पिछले 14 वर्षों से झारखंड राज्य में श्री सम्मेद शिखरजी की कठिन पहाड़ी पर सफाई अभियान चला रहा है। जिसे काशी के नामों से जाना जाता है और जैनियों के लिए बहुत पवित्र है। इसमें जिले के करीब 325 जैन युवक-युवतियां शामिल हुए। वे अपने धर्मस्थलों की सफाई कर रहे हैं। दल के संस्थापक अध्यक्ष मिहिर गांधी ने कहा, इस वर्ष इस अभियान में 450 से अधिक स्वयंसेवक भाग लेंगे और अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा। 305 लोगों का पहला जत्था 29 जनवरी को दौंड से रवाना हुआ था। इस बार जैन समाज का नेतृत्व सुशील शाह, स्वप्निल शाह, प्रवीण कांगले ने किया।



फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज

( अंतरराष्ट्रीय संगठन )

की ओर से सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की

हार्दिक शुभकामनाएं




(म.प्र. प्रोविन्स के मंत्री **महावीर कोटड़िया** द्वारा) दिनांक 23 जनवरी को हमारे छोटे से आग्रह पर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विपिन गांधी एवं महामंत्री श्री महेन्द्र बंडी के साथ हीमवन व नन्दन वन धरियावद गये। सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठाचार्य आदरणीय पं. श्री हंसमुख जी जैन (डागरिया) साहब से सहृदय सोजन्य भेंट के मध्य हूमड़ गोत्र एवं कुल देवीयों के बारे में ज्ञान वर्धक व स्पष्ट जानकारी प्राप्त की । वात्सल्य भोज के उपरांत पंडित साहब ने कुल देवीयों की बनी 27 मूर्तियों के दर्शन कराए। आज मार्ग में आचार्य महिमा सागर जी ससंघ का पावन आशीष प्राप्त हुआ। फेडरेशन की गतिविधियों को जानकर पंडित साहब ने बहुत प्रसन्नता व्यक्त की। आदरणीय पंडित साहब का आभार एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं ।

# फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज द्वारा निम्न महानुभावों को 'हूमड़ रत्न' अलंकृत से सम्मानित किया गया




**श्रीमती मंगल ताई ( पालवी )**

समाज द्वारा उपेक्षित, नर -नारी अबाल-वृद्ध को नव जीवन प्रदान करने की परिकल्पना और आपके द्वारा समर्पित भाव से सतत 45 वर्षों से सेवा के सूरज को थामे रखना वन्दनिय है। एचआईवी एड्स पीड़ित समाजजनो की आई (माँ), विक्षिप्त, समाज द्वारा उपेक्षित, प्रताड़ित बहन, बेटियों का सहारा, समाज जिसे अवैध करार देकर छोड़ दें, उनकी शरण स्थली पालवी को तन, मन, धन से समर्पित भाव से संभालने वाली सब की ताई श्रीमती मंगल ताई को **हूमड़ रत्न** की उपाधि से अलंकृत करते हुए हम गोरवान्वित है।



**श्रीमान चैतन्य कुमार ( बाबूजी )**

चैतन प्राणी को चेतन्यता से साक्षात्कार कराने वाला चैतन्य वन संत हो या समाज सबके लिए इस युग की अनुपम कृति है। आपकी सहचर डाक्टर उर्जीता जी ने कदमताल कर जो साथ निभाया। यह उत्तम युगल आत्म कल्याण के मार्ग पर कर्म निर्जरा की साधना में रत है, निसंदेह भवान्तर में मोक्ष लक्ष्मी का वरण करेंगे । आपके समर्पण व सहजता के लिए आप श्रीमन्त को **हूमड़ रत्न** की उपाधि से अलंकृत करते हुए हम गोरवान्वित है।



**श्रीमान कविन्द्र जी कियावत**

भावनाओ की लहरों में गोते लगाने वाला अपने नाम को सार्थक करने वाला कवी हृदय, कविन्द्र, प्रशासनिक सेवाओं में रह कर भी सहृदयता को आत्मसात करके अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर मानव मूल्यों को जीवन्त रखना आपकी अद्भुत अकल्पनीय विशेषता रही। आपकी सेवा व सहृदयता के लिए आप श्रीमन्त को **हूमड़ रत्न** की उपाधि से अलंकृत करते हुए हम गोरवान्वित हैं ।



**श्री अतुल जीनदत्त जी शहा**


चंदुकाका सराफ के नाम से ख्यात नाम स्वर्ण व रजत व्यवसाय में शुद्धता व पारदर्शिता के उच्च आयामों पर खरे उतरे, व्यवसायी, जीव दया में अग्रणी गुरुदेव आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी के शिष्य, अनेक उपमाओं से श्रृंगारित, दानवीर, सफल व्यवसाई के साथ मानव मूल्यों के लिए संवेदनशील पारखी, हर क्षण परोपकार को तत्पर, विनम्र, हंसमुख स्वभावी आप श्रीमन्त को **हूमड़ रत्न** की उपाधि से अलंकृत करते हुए हम गोरवान्वित हैं ।




**श्री दिनेश खोड़निया**

18000 दशा हूमड़ समाज के अध्यक्ष के रूप में समाज को 'हूमड़ पूरम' सौगात दी। सागवाड़ा में योगेन्द्र गिरी का निर्माण, नीचे तलहटी में आचार्य सुनील सागरजी की प्रेरणा से मुनि सुव्रतनाथ जिनालय का निर्माण करवाकर पंच कल्याणक सम्पन्न कराया। आपका कहना है, हम नौकर/नौकरानी बनने के लिए नहीं सेठ-सेठानी बनने के लिए पैदा हुए हैं। राजस्थान की राजनीति में सिद्धांतों पर अडिग रहने वाले यथा नाम दिनेश लोगों के दिलों पर राज करने वाले श्रीमन्त को **हूमड़ रत्न** उपाधि से अलंकृत कर हम गोरवान्वित हैं।


## सम्मानित शिरोमणी संरक्षक


श्रीमान चकोर नलिन चंद्र जी गांधी, पुणे


श्रीमान सुजॉय उदय बाबू जी शहा, पुणे


श्रीमान किशोर जिनदत्त जी शहा, बारामती


श्रीमान राजेश भोगीलाल जी शहा, अहमदा.


डॉ. रवि किरण जी शहा पुणे


## सम्मानित परम संरक्षक


श्री संजय कल्याणमलजी गांधी, मुंबई


श्री कुशल श्रेणिकजी शहा, बारामती


श्री रोहित शांतिकुमारजी शहा, बारामती


श्री शरद जी डावडा प्रतापगढ़



श्री कविंद्र हुकुमचंदजी कियावत,भोपाल


श्री चेतन जी शहा बारामती


श्रीमती जयश्री कियावत भोपाल


श्रीमती सुलोचना कोठारी कुशलगढ़

## सम्मानित संरक्षक



श्री पोपटलाल गुलाबचंद जी दोभाड़ा, मोडनिंब


श्रीमती धनश्री अविनाश गांधी बारामती


श्री अतुल राजकुमारजी गांधी बारामती


श्री विशाल जयकुमारजी शहा बारामती

## सम्मानित आजीवन सदस्य


श्रीमती मधु कोठारी उज्जैन



श्री प्रदीप जी गांधी प्रतापगढ़


श्री आदेश अनिलजी शहा, महा.


श्री वैभव किशोरजी गांधी, महा.


श्री विक्रांत रविंद्रजी गांधी, महा.


श्री उत्कर्ष शिविनजी दोशी, इंदापुर


श्री अरुण माणिकलालजी दोशी,इंदापुर


श्रीमती संगीता डॉ. श्रेणिकजी शहा, इंदापुर


डॉ. सुश्रूत श्रेणिकजी शहा, इंदापुर


श्री परेश रतनचंदजी दोशी, करमला

# गुजरात गौरव पुरस्कारसे सम्मानित बीसा हूमड़ जैन समाज की जुगनू किरण कापडिया

कोई व्यक्ति एक से शुरू कर उसमे दो शून्य जोड़ने तक का आयाम करे तो सदी प्राप्त करने का आनंद हो वह स्वाभाविक है । यह सदी की सिद्धि जिन्होंने की है वह है, सूरत के जुगनू किरण कापडिया।

उनकी सदी की आधारभूमि है शास्त्रीय नृत्य । वाणिज्य शाखा में स्नातक की पदवी प्राप्त करने के बाद नृत्य में रंगप्रवेश और अलंकार की पदवी प्राप्त की । नृत्य के प्रति अनुराग के कारण किशोरी अवस्था से भरतनाटयम् की तालीम लेकर नई पीढ़ीको सिखाना भी शुरू किया । भरतनाटयम् को समर्पित रहने के कारण यह नृत्ययात्रा आज शहर, राज्य, देश और विश्वके मंच तक पहुंची है । सूरत से शुरू हुई नृत्य यात्रा में भारतके 24 राज्यों में जामनगर, भरूच, भुज, जूनागढ़, पोरबंदर, राजकोट, अहमदाबाद, सोमनाथ, द्वारका, मुंबई, लातूर, नवी मुंबई, ठाणे, नांदेड़, अमरावती, माहुरगढ़, नागपुर, औरंगाबाद, पुणे, करमाला, गोवा, बैंगलोर, कांचीपुरम, कोचीन, एलुरु , चेन्नई, मैसूर, तेलंगाना, केरल, नेल्लोर, तिरूपति,



कुरनूल, विशाखापत्तनम, हैदराबाद, होसूर, पुडुचेरी, त्रिशूर, तिरुवनंतपुरम, वेल्लोर, वृन्दावन, अलीगढ, दिल्ली, आगरा, प्रयागराज, रांची, वाराणसी, पटना, अमृतसर, ऋषिकेश, जम्मू - कश्मीर, फरीदाबाद, शिमला, होशंगाबाद, खजुराहो, उज्जैन, कोटा, भिलाई, टाटानगर, भुवनेश्वर, कटक, ब्रह्मपुर, गुवाहाटी, अगरतला, इम्फाल, कलकत्ता, शांति निकेतन जैसे शहरों में 100 से अधिक नृत्य प्रस्तुतियां तथा विदेश में दुबई, नेपाल और श्रीलंका के रंगमंच पर नृत्यमर्मज्ञ के समक्ष उत्तम कृतियां प्रस्तुत की हैं । उन्होंने सामाजिक उत्तरदायित्व के रूपमें सूरत में वृद्धाश्रम में नृत्य प्रस्तुति का सौभाग्य प्राप्त किया था। ICHC, ISO, INDIAN COUNCIL FOR CULTURAL RELATION, GOV. OF INDIA, STATES GOV. प्रवासी भारतीय के एक भाग रूप से अस्सीघाट - वाराणसी में, India Habitat Centre, New Delhi के लिए नृत्य के विविध रंग पूरे थे । उपरांत उनकी नृत्यप्रतिभा को परख कर श्री शंकर TV ने 35 min. का episode प्रसारित किया था । भारत सरकार के COLOURS OF INDIA के अंतर्गत राज्यसभा TV पर उनकी नृत्य प्रस्तुति के साथ INTERVIEW भी बताया गया था। वह मुंबई दूरदर्शन के Graded Artist भी है।

उन्होंने वर्ष 2018 में ICHC ओर से काठमांडू में 'भारत गौरव' सम्मान, वर्ष 2019 में कोलंबो में HIGH COMMISSION OF INDIA award, स्त्री सशक्तिकरण के एक भाग रूपमें ' श्री अटल बिहारी वाजपेयाई award, सूरत महानगरपालिका की ओर से प्रजासत्ताक दिन तथा विश्व महिला दिवस के अवसर पर Mayor Shri और Commissioner Shri के हस्त से शहर के 'महिला रत्न' का सम्मान, जैन समाज द्वारा Padmashri Yazdi karanjia के हस्त और कलाकार सुश्री अपरा मेहता के हस्त से सम्मान प्राप्त किया है । उन्होंने वर्ष 2021 में विज्ञान भवन, न्यू दिल्ली और वर्ष 2023 में गुजरात राज्य द्वारा आयोजित सौराष्ट्र तमिल संगम तथा The Tent City White Desert RannUtsav Kutch के लिए नृत्य प्रस्तुति की।



सुनहरी तक प्राप्त की थी ।

गुरु श्री राजेन्द्र एस. और मणिपुरी नृत्य के सिद्ध कलाकार गुरु Padmashri दर्शना झवेरी उनके पथदर्शक प्रेरणास्त्रोत रहें हैं ।



आज मकर संक्रांति के पर्व पर राजस्थान प्रोविंस अध्यक्ष धनपाल शाह सरोदा विगत पाँच सालो से मोक्ष धाम पर लकड़ियों की फ्री सेवा करवा रहे है आज भारत विकास परिषद प्रान्तीय अध्यक्ष ने पानी, वृक्ष बैठने की व्यवस्था हेतु भामाशाह के मार्ग दर्शन मे एक लाख एक हजार रुपए बाबुजी ने दीए धनपाल भाई ने विद्या निकेतन पाठशाला जाकर भी बच्चो ओर गुरुजनो को 51000 हजार रुपए आवश्यकता हेतु देने की घोषणा की।



श्रीमान जिला कलेक्टर, बांसवाड़ा द्वारा 'गणतंत्र दिवस' पर आयोजित 'जिला स्तरीय कार्यक्रम' में जैन समाज कुशलगढ़ के सेवाभावी, समाजसेवी, धर्मप्रेमी सदस्य 'श्री प्रीतेश कोठारी' जो की राजकीय सेवा में उत्कृष्ट ओर समयबद्ध कार्य के लिए सम्मानित करने पर बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं अभिनंदन और उनके 'उज्जवल भविष्य' की कामना की जाती है!

# नारी जीवन की उत्कृष्ट साधना संयम के सिंहासन से विदा



गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर श्री संभवनाथ दिगंबर जैन मंदिर, ईडर में प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी अक्षुण्ण गोरवशाली परम्परा के सप्तम पट्टाचार्य आचार्य श्री अनेकांत सागर जी के मंगल आशीष एवं चर्या शिरोमणी गणिनी आर्यिका रत्न श्री सुभूषण मति माताजी के कुशल निर्यापकत्व एवं वैराग्य मय उद्बोधन व ॐ नमः सिद्धाय नमः का श्रवण करते हुए आर्यिका श्री पवित्र भारती माताजी ने यम सल्लेखना पूर्वक चारों प्रकार के आहार का त्याग कर उत्कृष्ट तप साधना अंगीकार कर आज नश्वर देह का परित्याग कर समाधि पूर्वक उच्च श्रेणी का आरोहण किया। धन्य है वे जीव जो अन्त समय भी सचेत रहते और धन्य गुरु माँ गणिनी आर्यिका रत्न श्री सुभूषण मति माताजी जीनकी कृपा से चरम अवस्था प्राप्त हुई।



## हैदराबाद में भक्तामर विधान

प्रतापगढ़ हूमड महिला मंडल हैदराबाद द्वारा नव वर्ष व मंडल स्थापना दिवस के उपलक्ष में 400 वर्ष प्राचीन कारवान मंदिर जी में भक्तामर विधान का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया विधान के पश्चात सभी ने सहभोज का आनंद लिया।



दिनांक 27तारीख को बावन गजा तीर्थ क्षेत्र के वार्षिक उत्सव पर ब्राह्मी सुंदरी अलंकरण समारोह मे जाने का मौका मिला उस अवसर पर महिला सशक्तिकरण विषय पर प्रबुद्ध महिलाओं के अलग अलग विषय पर उद्बोधन हुऐ जिसमे हमारी हुमड़ महिला विंग से पुणे की सुजाता जी शाह से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ, उन्हें भी महिला सशक्तिकरण पर बोलने का विषय दिया गया था बहुत ही सार्गर्भित प्रोग्राम था।

**-कल्पना सुरेश बंडी**

# कक्षा 1 से 11वीं के छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित हूमड़ समाज प्रतापगढ़ द्वारा



**प्रतापगढ़।** जिले के ग्राम पंचायत काजली खेड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुमड़ जैन समाज के द्वारा विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण किए। प्रधानाचार्य वर्षा शर्मा ने हूमड़ जैन समाज का धन्यवाद अर्पित किया। अध्यापक अजीतसिंह ने बताया कि कक्षा 1 से 11वीं तक के विद्यार्थियों को स्वेटर उपलब्ध कराए हैं। दीपेश कुनिया, प्रदीप गांधी, प्रकाश सरिया, अशोकजी पाणोत, अरुणाजी पाडलिया, सूरजजी शाह, प्रकाशजी शाह, रमेशजी शाह, अजीतजी शाह, तृप्ति सालगिया, ललितजी सरिया, शरदजी डावडा, गजेन्द्रजी डागरिया, रमेश भूता, सुनीलजी शाह, पंकजजी शाह, राजकुमारी बंडी, सुभद्रा भूता, सूरजमलजी कोरिया, श्रीमान राजेन्द्रजी बंडी आदि उपस्थित रहे।

**वार्षिक साधारण सभा, तरड गांव ( महाराष्ट्र ) में दिनांक 5 जनवरी 2025 को पारित संविधान संशोधन के मुख्य बिंदु**

1- नये शिरोमणी संरक्षक राशि रुपयेएक लाख प्रति सदस्य की स्वीकृति

2- अन्तर की राशि का भुगतान कर सदस्यता अपग्रेट कर सकते हैं

3- संस्थागत सदस्यता हेतु न्यूनतम शुल्क 1000/-

अधिक हूमड़ जन संख्या होने पर 2/- प्रति सदस्य

4- प्राप्त सदस्यता शुल्क का अधिकतम 25 प्रतिशत संबन्धित प्रोविंस को प्रकल्प पर व्यय करने का प्रावधान ।

# श्री हूमड़ जैन समाज के गौरव

हूमड़ जैन समाज रत्नों की खान है। जी हां इसे सिद्ध किया है श्री चंद्रप्रकाश जी शाह पटवा, इंदौर के काकाजी मुंबई निवासी श्री कांतिलाल जी शाह की सुपुत्री रेखा शाह ने। सुश्री रेखा शाह N C L T की पहली महिला जज बनीं। आप इतिहास में पहली महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं जो कि इंसॉल्वेंसी प्रोफेशनल जज हैं। साथ ही आप इतिहास में अब तक की सबसे कम उम्र की N C L T की महिला जज बनी हैं।

## चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने पर फेडरेशन की ओर से बधाईयां



**सुश्री विपाशा जैन**
श्रीमति शर्मिला-श्री प्रीतेश कोडिया, उदयपुर



**सुश्री एशना**
श्रीमती विजया-प्रवीण पाणोत, देवास



**सुश्री कृति शाह**
श्रीमती अंजना-कीर्ति कुमार शाह, खेरवाड़ा



**दक्ष**
दादा-सेठ धनराज पन्नालाल जैन
पिता-श्री मणिभद्रजी



**सुश्री निलिशा**
Data scientist[C.S.], UK-London
श्री नरेश कोठारी, बांसवाड़ा



**डॉ. कृति भुता**
श्रीमती दीप्ति-डॉ. दिनेश भुता
एम्स रायपुर में पीजी में एनेस्थेसिया में विशेष योग्यता से सीट मिलने पर

**प्रशंसा पत्र**



नारी शक्ति जल संचय यात्रा में गरिमामयी उपस्थिति और सक्रिय सहभागिता से इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर हूमड़ जैन समाज गुजरात प्रोविंस अध्यक्ष लता घी वाला को प्रदान किया गया।

# शादी से पहले गो ग्रास, गायों को लपसी व रोटी खिलाई फिर शादी की रस्में निभाई



**परतापुर।** गायों के प्रति इतनी सद्भावना और लगाव कि घर का कोई भी शुभ मुहूर्त हो सबसे पहली प्राथमिकता गायों को दी जाती है उसके बाद घर के सभी रस्में रिवाजों को किया जाता है । गायों के प्रति प्रेम करने वाले परतापुर निवासी प्रतिमा धारी संजय दोसी पुत्र नथमल जी दोसी मैं अपनी पुत्री मुक्ति के विवाह आयोजन से पूर्व गायों को गो ग्रास कराया। चिंतन दोसी व दिलीप दोसी ने बताया कि परतापुर निवासी मुक्ति दोसी का विवाह बागीदौरा निवासी आदिश जैन के साथ 21 जनवरी को हुआ । इससे पूर्व हल्दी रस्मों व अन्य आयोजनों को संपन्न कराने । परतापुर की सर्वोदय गौशाला मैं दूल्हा दुल्हन व परिवार सज धज कर गाजे बाजे के साथ गौशाला पहुंचे । जहां पर दुल्हन मुक्ति दोसी सह दूल्हा आदिश जैन ने सबसे पहले गायों के छोटे-छोटे बछड़े वह बड़ी गायों को लपसी व रोटी खिला कर शुभ कार्य का शुभारंभ किया । इसके बाद बड़ी संख्या में परीजनो ने सभी गायों को लाप्सी व हरी सब्जी एवं रोटी खिलाकर पुण्य का कार्य किया ।

संजय दोसी ने बताया कि गो ग्रास कराने के लिए दुल्हे राजा को विशेष आमंत्रित किया था व आमजन में यह संदेश देना था कि अपने घर में कोई भी शुभ कार्य आयोजन करो तो सबसे पहले गो ग्रास करा कर गायों के संरक्षण व संवर्धन में सहयोग प्रदान करें। इस दोरान चिराग दोसी, सुरेन्द्र खोडणिया, प्रवीण खोडणिया,महिपाल दोसी, दिलीप दोषी राकेश दोसी, अर्पण जयन्तिलाल जैन तपन जैन के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# श्री हूमड़ जैन समाज ट्रस्ट, इंदौर द्वारा वरिष्ठ जन मिलन समारोह

## अतिशय क्षेत्र छोटा महावीर जी माण्डू की यात्रा में शिक्षा सहयोग, भक्ताम्बर विधान, बुजुर्ग अनुभव कथन के साथ संपन्न

श्री हुमड़ जैन समाज ट्रस्ट, इंदौर द्वारा अध्यक्ष पवन बागड़िया एवं मंत्री भरत पड़लिया के नेतृत्व में आयोजित वरिष्ठ जन मिलन समारोह के अंर्तगत अतिशय क्षेत्र छोटा महावीर जी एवं मांडू की यात्रा समाज के वरिष्ठ जनों के सानिध्य में 26 जनवरी को संपन्न हुई।

छोटा महावीरजी में सर्वप्रथम अतिशय युक्त भगवान महावीर की प्रतिमा जी के अभिषेक के पश्चात गणतंत्र दिवस पर झंडावंदन यात्रा के सबसे वरिष्ठ जनों श्री संतोषजी बंडी, श्री संतोष पतंगिया, श्री सुनील बंडी, श्रीमती स्नेहलता पाणोत, श्रीमती सुशीला कोटिया, श्रीमती सुशीला सालगिया के कर कमलों में संपन्न हुआ। राष्ट्र गान एवं भारत माता के जयकारे बड़े जोश से लगाये गये। सभी ने बड़े ही आनंद एवं भक्तिभाव से सोधर्म इंद्र एवं इंद्र इंद्राणी ने मुकुट पहन कर भगवान महावीर स्वामी की पूजन एवं भक्तामर विधान कर धर्म लाभ लिया।

वहां पर शासकीय प्राथमिक शाला में 280 वनवासी विद्यार्थियों को शैक्षणिक किट का वितरण श्री सिद्धार्थ भाई पतंग्या के सहयोग से किया गया, जिसमें कॉपी, पेंसिल, रबर, स्केल इत्यादि शामिल थे। भोजन पश्चात वरिष्ठ जनों श्री संतोष बंडी श्री दीपक मेहता श्री प्रकाश सालगीय श्रीमती पतंग्या श्रीमती सुशीला सालगिया श्रीमती कौशल्या पतंगिया, श्री महेन्द्र बंडी आदिक्षने अपने संस्मरण विचार एवं भविष्य के लिए विचारणीय विषय साझा करते हुए कहा कि 80 वर्षीय श्रीमान सिद्धार्थ जी पतंगिया ने जिनका बचपन प्रतापगढ़ में गुजारा है, अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उम्र सिर्फ एक नंबर है कभी उसकी संख्या पर ध्यान ना दें।


ग्रामीण बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित करते हुए।


भक्ताम्बर विधान एवं वरिष्ठजन मिलन समारोह में समाजजन।

74 वर्षीय श्री प्रकाश की सालगिया जिन्होंने पैतृक व्यवसाय न अपनाते हुए नई दिशा चुनी। का विचार था कि कभी अपने आप को कभी रिटायर न समझें, जीवन का भरपूर आनंद लें, अपने बच्चों की भावनाओं को समझने का प्रयास करें। 84 वर्षीय सनंमति वाणी की 17 वर्ष से संपादिका श्रीमती सुशीला जी सालगिया जो कि पिछले 60 वर्षों से समाज सेवा में भी रत हैं का विचार था कि अपने को बुजुर्ग नहीं समझे दिन भर सक्रिय रहे धर्म से जुड़े रहें एवं स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


ध्वजारोहण करते हुए समाजजन।

श्रीमती कौशल्या पतंग्या का विचार है कि अपने बच्चों के बीच बैठें और साथ में उन्हें अपने अनुभव साझा करें ताकि वे, भविष्य के लिए तैयार हो सकें। श्री दीपक मेहता ने पुरानी जानकारी साझा करते हुए बताया की सवा सौ साल पहले हुकुमचंद मिल जो की इंदौर में स्थापित की गई थी प्रतापगढ़ में स्थापित होने वाली थी एवं जो रेलवे लाइन नीमच होते हुए जा रही है वह प्रतापगढ़ से निकलने वाली थी अगर वह मिल प्रतापगढ़ में खुलती एवं यदि वह रेलवे लाइन प्रतापगढ़ होते हुए निकलती तो इस समय की स्थिति क्या होती यह एक बहुत विचारणीय विषय है।

श्री महेन्द्र बंडी ने कहा किचड़ होता भी पानी से और हटता भी पानी से । हमें वर्तमान की विसंगतियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और समाधान ढूंढना चाहिए। अनुभव कथन के तत्पश्चात सभी ने मांडू नगर की यात्रा की एंव वहां के ङजिन मंदिरों के दर्शन किए। सभी ने अविस्मरणीय यादों के साथ इंदौर के लिए प्रस्थान किया।

## समाज की महिलाओं को गुजराती मूवी 'उबरो' दिखाई



सभी हुमड़ महिलाओं के मनोरंजन हेतु प्रसिद्ध गुजराती मूवी 'उबरो' का विशेष शो आज दिनांक 30 जनवरी 2025 को अहमदाबाद में आयोजित किया गया। इस मूवी का विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन फेडरेशन की सदस्या व श्री हुमड़ समाज-अहमदाबाद की कमेटी मेम्बर श्रीमती विंती दोशी के प्रयासों द्वारा किया गया था। जिसमें हुमड़ महिलाओ के उत्साह हेतु मूवी के डायरेक्टर और स्टारकास्ट को भी आमंत्रित किया गया था। इसमें समाज की लगभग 60 महिलाओं ने एक साथ मिलकर बहुत ही उत्साह के साथ मूवी का आनंद लिया। मनोरंजन के साथ-साथ इस मूवी का आयोजन करने का उद्देश्य यह भी था कि महिलाये पूर्ण आत्मविश्वास के साथ, परस्पर सहयोग से, अपने दबे हुए हुनर को उड़ान देकर, अपने सपनों को नया आसमान दें, परिवार, समाज और अपने लिए एक आदर्श समाज का निर्माण करें।



## नारी जीवन की उत्कृष्ट साधना संयम के सिंहासन से विदा

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर श्री आचार्य श्री चन्द्र सागर जी (ससंघ) सानिध्य में आचार्य श्री के कर कमलो एवं आशीष से सम्बोधन पूर्वक ॐ नमः सिद्धाय नमः का श्रवण करते हुए श्रीमती वनमाला-नरेशजी दोशी बनी आर्यिका श्री वनमाला मती माताजी ने यम सल्लेखना पूर्वक चारों प्रकार के आहार का त्याग कर उत्कृष्ट तप साधना अंगीकार कर 25 जनवरी 2025 शनिवार के दिन दोपहर 2 बजकर 32 मिनट पर नश्वर देह का परित्याग कर समाधि पूर्वक उच्च श्रेणी का आरोहण किया। धन्य है वे जीव जो अन्त समय भी सचेत रहते हुए जीवन को धन्य किया। आचार्य श्री चन्द्र सागर जी जिनकी कृपा से चरम अवस्था प्राप्त हुई।

## मधुर मिलन ट्रस्ट द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का तरडगांव में आयोजन







श्री मधुर मिलन ट्रस्ट पुणे के सौजन्य से शनिवार दिनांक 4 जनवरी 2025 को मधुर मिलन ट्रस्ट का मुफ्त परिचय सम्मेलन जिसमें 3000 से अधिक लोग सम्मिलित हुए । सभी प्रत्याशियों एवं अभिभावकों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी कर स्व परिचय दिया। परिचय सम्मेलन के पश्चात अभिभावक खुले मैं बैठ कर चर्चा में रत रहे।

मधुर मिलन ट्रस्ट के श्री रमेश भाई वडुजकर, श्री किरण कुमार लोंणद कर, डा. रवि किरण पलसदेव कर , सुजाता ताई, डाक्टर श्रेणीक शहा इंदापुर एवं अनेक अन्य प्रभारी एवं कार्य कर्ताओं की सुझबुझ व समर्पण का परिणाम रहा यह परिचय सम्मेलन। फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज के प्रतिनिधियों का आना भी दिनांक 4 से ही प्रारंभ हो गया था। सभी ने व्यवस्थाओं की भूरी-भूरी प्रशंसा की। 5 जनवरी को पुनः सम्पूर्ण प्रांगण व्यवस्थित सजा तैयार था। विशाल दो हजार से अधिक क्षमता का परिसर, स्टैंड, साउण्ड एण्ड लाइट, फोटोग्राफी, विडियो सूटिंग के साथ सीधा प्रसारण यूं ट्यूब पर। लजीज अल्पाहार एवं स्वादिष्ट भोजन। संपूर्ण व्यवस्था एवं वातावरण मन मोहक था। इस छोटे से गांव में दो बड़े अन्तर्राष्ट्रीय आयोजन गर्व के पल थे। एक बार पुनः मधुर मिलन ट्रस्ट के सभी साथियों का अभिनन्दन आभार ।

### मुण्डन संस्कार

आज अतिशेय क्षेत्र डैंचा पर श्रीमान आयुष कुमार जी अनिल कुमार की बंडी इंदौर के परिवार वालों ने अतिशय क्षेत्र पर अपने सुपुत्र के के बाल मुंडन संस्कार किया गया एवं उनके द्वारा क्षेत्र पर दान राशि भेंट की गई इसके लिए अतिशेर क्षेत्र कमेटी आपका बहुत-बहुत अनुमोदना करती है



## दोनों घटनाएं दुखद है योगी जी? एक को मुआवजा और दूसरे को ठेंगा

आज प्रयागराज में हुई दुखद 30 लोगों की मृत्यु पर किस तरह भाजपा ने तुरंत 25 25 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा कर दी और कल बड़ौत में हुई जैन समाज के आधिकारिक रूप से सात लोगों की दुखद मृत्यु और करीब 50 लोग घायल हैं उनके इलाज और मुआवजे की घोषणा अभी तक उत्तर प्रदेश शासन ने नहीं की है क्या बड़ौत के अंदर रहने वाले जैन समाज के लोग कोई वजूद नहीं रखते बड़ौत की कल दुखद घटना पर योगी जी ने तो दुख प्रकट किया था बाकी भाजपा नेताओं ने खामोशी रख ली थी जबकि भारतवर्ष का जैन समाज करीब 25 प्रतिशत राजस्व केंद्र सरकार को देता है और 90 प्रतिशत जैन समाज भारतीय जनता पार्टी का समर्थक माना जाता है पूरी बीजेपी पार्टी की बेरुखी जैन समाज को बहुत कुछ सोचने के लिए मजबूर कर देती है



ये तस्वीर सिर्फ एक फोटो नही है, ये एक गर्व का पल है समस्त हुमड़ समाज के लिए। वागड़ में एक मात्र विद्यालय है जहां के छात्र-छात्राये देश के उपराष्ट्रपति से स्नेह मिलन करके आये है और न केवल मिलन बल्कि उनके साथ एक टेबल पर बैठ कर भोजन भी किया, ये सब एक स्वप्न जैसा है लेकिन इस सुखद स्वप्न को सच करके दिखाया गया है, एक कहावत दिल्ली दूर नहीं है को आज गलत साबित कर दिया, बच्चों के चेहरे पर जो मुस्कान थी राष्ट्रपति भवन में जाकर साथ मे मैनेजमेंट वालो का दिल खुश कर गई, आज उनके अभिभावक भी अपने आप को धन्य समझ रहे होंगे कि उनके बच्चे ऐसे संस्थान में पढ़ रहे है, ये फोटो देखने वाले अपने पारिवारिक ग्रुप में, अपने सामाजिक, मित्र, ओर जीतने ग्रुप है सभी मे भेजे ओर बताए इस शिक्षण संस्थान में पढ़ाई और वातावरण तो सबसे अच्छा है लेकिन साथ मे सहशैक्षिक गतिविधियां भी देश के चुनिंदा विद्यालयो जैसी है। यह स्वप्न साकार हुआ हूमड़ पूरम के अध्यक्ष श्रीमान दिनेश जी खोड़निया के सद्प्रयासों से।



## श्री हुमड़ समाज प्रगति संघ अहमदाबाद द्वारा 'हुमड़ महिला प्रीमियर लीग' का सफल आयोजन

श्री हुमड़ समाज प्रगति संघ, अहमदाबाद ने 29 दिसंबर 2024 को 'हुमड़ महिला प्रीमियर लीग (HMPL) नाइट बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट' का आयोजन किया। इस अनोखी प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं में खेल भावना, सशक्तिकरण और समाज में एकता को प्रोत्साहित करना था।

टूर्नामेंट में 6 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनका नेतृत्व हेमांगिनी वैभव शाह, रीना पारस गांधी, निकेता विपुल फडिया, बरखा अनुराग मेहता, अंतिम अभिषेक गांधी और खुशबू ऋषभ गांधी ने किया।

महिमा सुपर क्वीन (निकेता विपुल फडिया (कप्तान) और मोना विपिन पंचोरी (टीम स्पांसर) की टीम विजेता रही।

इस आयोजन को श्री विक्रम तलाटी ने मुख्य रूप से स्पॉन्सर किया और टीमों को समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों व संस्थानों का समर्थन मिला।

कार्यक्रम में कुल 65 महिलाओं ने भाग लिया, और लगभग 500 से अधिक समाज के सदस्यों ने इस आयोजन में भाग लेकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

श्री हुमड़ समाज प्रगति संघ, अहमदाबाद के अध्यक्ष श्री शरद गोडलिया ने बताया कि 'HMPL नाइट बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट न केवल एक खेल आयोजन है, बल्कि यह महिलाओं के सशक्तिकरण, टीम भावना और समाज में एकता का संदेश भी देता है।' उन्होंने देशभर के हुमड़ समाज से आह्वान किया कि इस प्रकार के आयोजन कर समाज में महिलाओं की भागीदारी को और अधिक प्रोत्साहित किया जा सकता है।

## एचपीएल-13 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार समापन, विजेता टीम अतिक्ष एंटरप्राइजेस का हुआ सम्मान




**अहमदाबादः** श्री हुमड़ समाज प्रगति संघ, अहमदाबाद द्वारा आयोजित एचपीएल-13 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन तारीख 11/01/2025 और 12/01/2025 को SGVP के विशाल और नयनरम्य मैदान में संपन्न हुआ। यह टूर्नामेंट समाज में खेलकूद को बढ़ावा देने और युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

इस रोमांचक टूर्नामेंट में कुल 6 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने अद्भुत खेल कौशल और जोश का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच बेहद रोमांचक रहा, जिसमें मयूर दोषी की टीम अतिक्ष एंटरप्राइज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। ईशान कोडिया की टीम आदित्य प्रॉपर्टी ने भी सराहनीय खेल का प्रदर्शन किया और रनर्स अप रहे !

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री विपिनभाई गांधी (फेडरेशन ऑफ हुमड़ जैन समाज के अध्यक्ष) और श्री महेन्द्रजी बंडी (फेडरेशन ऑफ हुमड़ जैन समाज के राष्ट्रीय मंत्री ) उपस्थित थे। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की और



खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही, उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए हुमड़ फेडरेशन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट को राष्ट्रीय स्तर पर करने के लिए घोषणा की ।

श्री शरदजी गोंडलिया, अध्यक्ष, श्री हुमड़ समाज प्रगति संघ अहमदाबाद, के नेतृत्व में इस टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों, आयोजकों, और दर्शकों का धन्यवाद करते हुए कहा, 'इस प्रकार के आयोजन समाज को एकजुट करने और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं।'

इस टूर्नामेंट की सफलता ने समाज के बीच खेल और भाईचारे की भावना को और मजबूत किया। विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

श्री हुमड़ समाज प्रगति संघ अहमदाबाद द्वारा इस आयोजन को लेकर समाज में उत्साह और गर्व का माहौल है। आने वाले समय में ऐसे और आयोजनों की उम्मीद की जा रही है।




विघटीत होते सामाजिक परिवेश में फेडरेशन की महिला प्रकोष्ठ के गुजरात प्रोविंस की अध्यक्षा श्रीमती लता-संजय जी घी वाला परिवार निवासी सूरत ने अपने सुपुत्र चि. मंदीप का विवाह श्रीमान प्रकाश-पुष्पा जी की सुपोत्री, श्रीमान नरेश-सीमा जी मीण्डा की सुपुत्री सो.का. सलोनी निवासी मन्दसौर के साथ जैन विवाह पद्धति से सानन्द संपन्न कराया। इस अवसर पर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन गांधी एवं महामंत्री महेंद्र बंडी ने उपस्थित होकर वर-वधू को मंगल आशीर्वाद देते हुए दोनों परिवारों को सजातीय विवाह हेतु सम्मान पत्र भेटकर अनुमोदना की। उपस्थित समाज बन्धुओं ने इस कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की।

## जैन तीर्थो का मोबाइल नम्बर स्थाई होना चाहिए-हंसमुख गांधी

**इंदौर।** दिगम्बर जैन तीर्थ निर्देशिका की एक लाख प्रतियों का प्रकाशन किया जाकर एक कीर्तिमान स्थापित होने जा रहा है। जैन तीर्थ निर्देशिका प्रकाशन समिति के अध्यक्ष व सम्पादक श्री हंसमुख जैन गांधी इंदौर द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार तीर्थ क्षेत्र परिचय पुस्तिका सर्वाधिक लोकप्रिय दिगम्बर जैन तीर्थ निर्देशिका की 90 हजार प्रतियां प्रकाशित होकर घर-घर पहुंच चुकी है। अब यह प्रकाशन एक लाख प्रतियों का कीर्तिमान बनाने जा रही है। निर्देशिका अब नए अपडेट के साथ प्रकाशित होने जा रही है। गांधी ने बताया कि प्रत्येक जैन तीर्थ क्षेत्र पर जानकारी हेतु मैनेजर का नम्बर भी प्रकाशित होता है। व्यावहारिक रूप में तीर्थयात्री जब यात्रा हेतु निकलते हैं, तो उन्हें पता चलता है कि मैनेजर का जो नम्बर छपा है, वह मैनेजर अब उस तीर्थ पर कार्यरत ही नहीं है। इससे यात्री परेशान होते हैं। इसलिए समस्त तीर्थों के कमेटी पदाधिकारियों को चाहिए कि क्षेत्र हेतु परमानेंट स्थाई नम्बर खरीदें। वह मोबाइल नम्बर स्थाई हो व मैनेजर/कर्मचारी के बदलने पर भी वह नंबर न बदले।



संपादक-श्री यशपाल जुवां-9826097101, email : humadwani2024@gmail.com प्रकाशक एवं मुद्रक श्री महेन्द्र बंडी (राष्ट्रीय महामंत्री) 9827255910 सन्मति 29/3, स्नेहलतागंज, इंदौर (म.प्र.), फेडरेशन ऑफ हुमड़ जैन समाज, पंजीकृत कार्यालय-9, सिंदुर कॉ.-ऑप., हाउसिंग सोसायटी, ईश्वर भवन के पास, नवरंगपुरा, अहमदाबाद (गुजरात) 380014-अहमदाबाद-से मुद्रित एवं प्रकाशित।